हरिभूमि
# विंध्य भूमि
5
जबलपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

खबर संक्षेप

### मैहर में रेलवे ट्रैक पर मिले दो अज्ञात शव

**मैहर।** शुक्रवार सुबह मैहर के जीतनगर स्थित रेलवे लाइन पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। रेलवे कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी कि ट्रैक पर एक अज्ञात लड़के और एक अज्ञात लड़की के शव मिले हैं। सूचना मिलते ही मैहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इस मामले में मर्ग कायम किया गया है। पुलिस द्वारा दोनों शवों का पंचनामा किया जा रहा है ताकि उनकी पहचान की जा सके और मौत के कारणों का पता लगाया जा सके।

### नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम सोहावल में संपन्न

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति से पर्यावरण संवर्धन हेतु नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम सोहावल विकासखंड के सेक्टर सोहावल में ग्राम पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। जिला समन्वयक डॉ.राजेश तिवारी के समन्वय में मंदाकनी मानव कल्याण ग्राम विकास एवं तकनीकी संस्थान के अध्यक्ष माधुरीलता सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नवांकुर सखियों को 11-11 बीजरोपित थैलियां एवं एक पौधा वितरित किए गए। जिसकी देखभाल नवांकुर सखी द्वारा की जाएगी।

### रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर सुकन्या रक्षा अभियान 30 सितम्बर तक

**सतना।** मध्यप्रदेश डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोलने हेतु 25 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक सुकन्या रक्षा अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सुकन्या समृद्धि योजना के वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ समाज में बालिकाओं के भविष्य के प्रति जागरूकता बढाना है। अधीक्षक डाकघर प्रदीप कुमार खरे ने बताया कि रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर इस अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक शाखा डाकघर में संबंधित क्षेत्र की योग्य बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता,बचत बैंक खाता,आवर्ती जमा (आरडी) एवं सावधि जमा (टीडी) खाता खोले जायेंगे। उन्होंने बताया कि यह अभियान न केवल वित्तीय समावेशन को बढावा देगा बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करेगा। सभी नागरिकों से अपील की है कि निकटतम डाकघर में संपर्क कर इस योजना का लाभ उठायें और अपने क्षेत्र की बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य में अपना योगदान दें।

### हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम घोषित

**सतना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश ने शुक्रवार को हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2025 की द्वितीय परीक्षा का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल मंडल की वेबसाइट **mponline.gov.in** पर देख सकते हैं। यह परिणाम उन छात्रों के लिए जारी किया गया है जिन्होंने हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा दी थी,जिससे वे अपने आगे के शैक्षणिक मार्ग का निर्धारण कर सकें।

### जिले में अब तक 572.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 25 जुलाई तक 572.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 713.2 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 478.2 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 648.8 मि.मी,बिरसिंहपुर में 486.6 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 515.5 मि.मी.,नागौद में 704 मि.मी.,जसो (नागौद) में 252.5 मि.मी. एवं उचेहरा में 738.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 190.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक स्थगित

**सतना।** सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 26 जुलाई 2025 को होने वाली जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का जनपद पंचायत नागौद के ग्राम पंचायत सिंहपुर में कार्यक्रम होने के कारण स्थगित कर दी गई है।

## ताप्ती-गंगा एक्सप्रेस में 6 लाख की चोरी : महिला का पर्स लेकर भागा शातिर चोर, मोबाइल मिला पर गहने गायब

सतना

रेलवे स्टेशन पर गुरुवार रात ताप्ती-गंगा एक्सप्रेस के A2 कोच से एक महिला का 6 लाख से अधिक का कीमती पर्स चोरी हो गया। यह घटना तब हुई जब श्वेता जैन अपने पति कमल जैन के साथ अपनी सीट तलाश रही थीं। जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है।






### चलती ट्रेन में सीट अरेंज करते समय हुई चोरी

गुरुवार रात करीब 10:30 बजे कमल जैन अपनी पत्नी श्वेता को सतना रेलवे स्टेशन पर ताप्ती-गंगा एक्सप्रेस में छोड़ने आए थे। श्वेता को A2 कोच में सीट नंबर 9 आवंटित थी। कोच में पहले से ही एक व्यक्ति सीट के नीचे लेटा हुआ था,जिससे सीट को व्यवस्थित करने में कुछ देर लग गई। इसी दौरान ट्रेन चल पड़ी। मौके का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने श्वेता का पर्स उठा लिया और स्टेशन यार्ड की ओर भाग गया।

### सीसीटीवी में दिखा संदिग्ध, पहचान जारी

घटना के बाद श्वेता के पति कमल जैन ने शुक्रवार दोपहर को रेलवे पुलिस के साथ मिलकर स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में यार्ड के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया है। संदिग्ध ने पीली शर्ट और काली पैंट पहनी हुई थी और उसके हाथ में एक मोबाइल फोन और एक लेडीज पर्स भी दिख रहा था। जीआरपी प्रभारी राजेश राज ने बताया कि संदिग्ध की पहचान करने की कोशिश की जा रही है,लेकिन अब तक उसके चेहरे से किसी भी पुराने अपराधी की पुष्टि नहीं हो पाई है।

### मोबाइल फोन मिला लेकिन गहने गायब

पुलिस के अनुसार,चोरी किया गया एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है,जबकि गहनों से भरा पर्स अभी भी आरोपी के पास है। कमल जैन लगातार अपने चोरी हुए मोबाइल नंबर पर कॉल कर रहे थे,जिससे बदमाश फोन बंद नहीं कर पा रहा था। उसने यार्ड में एक गैंगमैन को फोन देते हुए कहा कि वह घंटी बंद कर दे। गैंगमैन ने जैसे ही कॉल रिसीव की,बदमाश वहां से भाग गया। गैंगमैन ने बाद में मोबाइल फोन जीआरपी को सौंप दिया।

### 6 लाख से अधिक का नुकसान

श्वेता जैन मूल रूप से सतना की रहने वाली हैं,लेकिन फिलहाल सूरत में रहती हैं।वे कुछ जरूरी काम से सतना आई थीं। घटना के बाद श्वेता सूरत लौट गईं।पीड़िता के अनुसार,चोरी हुए पर्स में एक एंड्रॉइड मोबाइल,सोने-चांदी के गहने और अन्य कीमती सामान था। चोरी हुए सामान की कुल कीमत 6 लाख से भी अधिक बताई गई है। जीआरपी मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

## तेज बारिश से गिरी बाउंड्री वॉल,17 वर्षीय बच्ची की मौत



**मैहर।** गुरुवार रात मैहर में हुई तेज बारिश के दौरान जैन पेट्रोल पंप के सामने ऑफिस की लगभग 10 फीट ऊंची बाउंड्री वॉल अचानक गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में 17 वर्षीय नेहा कपड़िया पिता राकेश कपड़िया की मलबे में दबने से मौत हो गई। नेहा चार बहनों में सबसे बड़ी थीं और परिवार का गुजारा चलाने के लिए एक दुकान में काम करती थीं। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। अधिकारियों द्वारा तत्काल मुआवजे का आश्वासन दिए जाने के बाद मामला शांत हुआ और शव को पोस्टमार्टम के लिए मैहर सिविल अस्पताल भेजा गया। शुक्रवार सुबह मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, एसडीएम विकास सिंह, संतोष सोनी, विष्णु उर्मिलिया सहित विभागीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को तत्काल 1.5 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। साथ ही,परिवार को अन्य मदो से भी सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। लोगों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए बाउंड्री के मलबे को हटाया,जिसके नीचे से बच्ची और एक गाय का शव बरामद हुआ। बच्ची का शव देखकर परिजनों और स्थानीय लोगों में चीख-पुकार मच गई। शहर में यह खबर आग की तरह फैल गई। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान कई बार विवाद की स्थिति बनी, जिसे पुलिस और उपस्थित अधिकारियों ने सूझबूझ से शांत कराया। नगर पालिका से जेसीबी मशीन और सफाई कर्मचारियों को बुलाकर क्षतिग्रस्त बाउंड्री के मलबे को हटाने का काम शुरू किया गया।

## स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़: ऑटो में क्षमता से अधिक बैठाए जा रहे बच्चे, प्रशासन मौन






मैहर

शहर के जेल चौराहे के पास स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। एक ऑटो चालक द्वारा क्षमता से कई गुना अधिक बच्चों को ऑटो में ठूंसकर ले जाया जा रहा था, जिससे उनकी जान को खतरा पैदा हो गया है। प्राप्त वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एक ही ऑटो में लगभग 12 से 15 बच्चे बैठे हुए थे।

*स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कुछ पैसों के लालच में ऑटो चालक बच्चों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। यह नजारा मैहर में रोजमर्रा का है, लेकिन दुर्भाग्यवश अब तक इस पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।अभिभावकों और समाजसेवियों ने प्रशासन से ऐसे लापरवाह चालकों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है,ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यदि प्रशासन ने समय रहते इस गंभीर लापरवाही पर ध्यान नहीं दिया,तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।*

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सिंहपुर और हरदुआ आयेंगे





**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव शनिवार 26 जुलाई को सतना जिले के सिंहपुर और हरदुआ के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वे 26 जुलाई को दोपहर 1 बजे रीवा एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 1.25 बजे रैगांव विधानसभा अंतर्गत सिंहपुर हेलीपैड पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सिंहपुर स्टेडियम में आयोजित महिला सम्मेलन एवं आम सभा को संबोधित करने के बाद अपरान्ह 3.20 बजे ग्राम हरदुआ के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना होंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव हरदुआ में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के पितामह स्व.जीवन दास बागरी को शोक श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सायं 4 बजे हरदुआ से हेली कॉप्टर द्वारा रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कलेक्टर और एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

मुख्यमंत्री के 26 जुलाई को सतना जिले में नागौद विकासखण्ड के ग्राम हरदुआ और रैगांव विधानसभा क्षेत्र के सिंहपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने एसपी आशुतोष गुप्ता के साथ शुक्रवार को सिंहपुर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सिंहपुर स्टेडियम में प्रस्तावित स्थल पर की जा रही तैयारियों,मंच,दर्शक-दीर्घा,वाहन पार्किंग एवं आवागमन तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।इस मौके पर सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य,एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा,कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह सहित पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को जनपद पंचायत नागौद में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में राज्यमंत्री ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की एवं कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## धारकुंडी पुलिस ने क्रूरतापूर्वक ले जाई जा रही 42 भैंसों और पड़ों के साथ 5 आरोपियों को दबोचा

**सतना।** जिले की धारकुंडी पुलिस ने क्रूरतापूर्वक एक डीसीएम ट्रक में भरकर उत्तर प्रदेश ले जाए जा रहे 42 मवेशियों (19 भैंस और 23 पाड़े) को मुक्त कराया है। इस मामले में पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन के आदेश और पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर,थाना प्रभारी शैलेन्द्र पटेल के नेतृत्व में एक टीम ने मुखबिर की सूचना पर धारकुंडी तिराहे पर नाकाबंदी की। उन्होंने डीसीएम ट्रक यूपी-71-सीटी -9144 को रोका,जिसमें मवेशियों को अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। कुछ मवेशियों के पैरों और मुंह में रस्सी बंधे होने से चोट के निशान भी पाए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवम मिश्रा फतेहपुर,यूपी,मो.गुलफाम बांदा,यूपी,मो.अंसार बांदा,यूपी,अलीमुद्दीन रीवा,एमपी और मो.अलीम रीवा,एमपी के रूप में हुई है। इन पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और पशु परिरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बरामद मवेशियों और ट्रक की कुल कीमत 20.60 लाख रुपये आंकी गई है। सभी मवेशियों को बदकन ग्राम पंचायत की गौशाला में सुरक्षित रखा गया है,जबकि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में उनि शैलेन्द्र पटेल सहित सउनि राकेश अहिरवार,प्र.आर.अजय साकेत,आर.बृजेश पटेल,आर.विकाश राजपूत,आर.एवरन सिंह,आर.राजकुमार गिरी,आर.सुदेश मिश्रा और म.आर.डिम्पी तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

## जिला चिकित्सालय में क्लबफुट से पीडित 34 बच्चों का इलाज



**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना डॉ.एलके तिवारी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में आरबीएसके टीम द्वारा क्लब फुट के बच्चों के लिए कैम्प का आयोजन अनुष्का फाउंडेशन के संयोग से किया गया। जिसमें अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.शरद दुबे एवं जिला चिकित्सालय चित्रकूट के आप्थोपीडियाट्रिक सर्जन डॉ.रोहित गुप्ता द्वारा कुल 34 बच्चों का पंजीयन किया गया। इनमें टेनोटॉमी के 7, कॉस्टिग के 3 तथा शूज के 26 बच्चे शामिल है। बताया गया कि क्लब फुट एक जन्मजात दोष है जिसमें बच्चे के एक या दोनों पैर अंदर की ओर की मुडे हुए होता है। 800 नवजात में से 1 बच्चों मे यह दोष पाया जाता है,जिसका ईलाज संभव है। जिसके बाद ये बच्चें अन्य बच्चों की तरह सभी गतिविधियां सामान्य रूप से कर सकते है।

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या,पति ने छिपाई जानकारी

**मैहर।** मैहर में महजवीन बेगम उर्फ सीमा नामक महिला ने कथित तौर पर अपने पति मोहम्मद शमीम की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। महजवीन के पति मोहम्मद शमीम,पुत्र मोहम्मद दानिश उर्फ छोटू,भाभी परवीनबानो और बहन शबाना बेगम के बयानों में विरोधाभास पाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एंटीमॉर्टम हैंगिंग लीडिंग टू कार्डियो रेस्पिरेटरी फेल्योर रिजल्टिंग इन डेथ का उल्लेख किया गया है। जांच के दौरान यह सामने आया कि मोहम्मद शमीम अपनी पत्नी पर गलत संदेह करता था और उसे प्रताड़ित करता था।महजवीन ने अपनी भाभी परवीन वानो को बताया था कि वह अब जीवित नहीं रहना चाहती क्योंकि उसका पति उसे बहुत ज्यादा प्रताड़ित कर रहा है। मोहम्मद शमीम ने यह बात छुपाई कि उसकी पत्नी ने फांसी लगाई थी और जिस दुपट्टे से महजवीन ने फांसी लगाई थी,उसे कूड़े में फेंक दिया। पुलिस ने पति को उस दुपट्टे को पेश करने के लिए नोटिस जारी किया है। मोहम्मद शमीम ने 22 जुलाई को मैहर सिविल अस्पताल को मौखिक रिपोर्ट दी थी कि उसकी पत्नी महजवीन रात करीब 2:40 बजे अपने कमरे में नहीं थी और बाद में गैलरी में बाथरूम के पास जमीन पर लेटी हुई मिली। उसने बताया था कि उसे अपनी पत्नी की मृत्यु का कारण नहीं पता। इस सूचना पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा किया गया था। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## टाटा हिताची ने लांच किया शिनराय प्राइम सीईवी 5

सतना



भारतीय कंस्ट्रक्शन मशीन उद्योग की अग्रणी कम्पनी टाटा हिताची ने आज शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च करने की घोषणा की। यह नेक्स्ट-जेन बैकहो लोडर है जो भरोसा] विश्वसनीयता और कार्य प्रदर्शन को नया आयाम देने के लिए खास तौर से डिज़ाइन किया गया है।

शिनराय प्राइम में बेजोड़ ईंधन सक्षमता] कम आरपीएम पर अधिक टॉर्क और कम उत्सर्जन जैसे खास गुण हैं क्योंकि यह अत्याधुनिक सीईवी 5 मानकों पर खरा उतरता है। इसका स्ट्रक्चर उच्च-श्रेणी के स्टील और रोबोटिक वेल्डिंग से बनता है इसलिए यह अधिक टिकाऊ है और कठिन से कठिन परिस्थितियों में बखूबी काम करने के लिए तैयार है।

शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च का आयोजन 25 जुलाई को सिटी पार्क रिसॉर्ट, सतना में हुआ। इस अवसर पर सम्मानित ग्राहक, टाटा हिताची और कैलाश इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड (अधिकृत डीलर पार्टनर)के वरिष्ठ प्रबंधन सभी की उपस्थिति थी।

शिनराय प्राइम सीईवी 5 कंस्ट्रक्शन और उत्खनन से लेकर कृषि और ट्रेंचिंग तक विभिन्न उपयोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है। कई खास खूबियों की वजह से इसकी अलग पहचान है जैसे लंबे अंतराल पर मेंटेनेंस की जरूरत] परिचालन का खर्च कम और मशीन का अधिक उपयोगी होना।

शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च के अवसर पर, टाटा हिताची के महाप्रबंधक- मार्केटिंग श्री सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा, "शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च करते हुए हमें एक ऐसी मशीन पेश करने का गर्व है जिसमें एक साथ कार्य प्रदर्शन] विश्वसनीयता और सस्टेनेबलिटी जैसे सभी गुण हैं। यह खास कर भारतीय ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस नेक्स्ट-जेन बैकहो लोडर में आप नवाचार और ग्राहक-केंद्रित डिज़ाइन को लेकर टाटा हिताची की प्रतिबद्धता देखेंगे। टाटा हिताची इसी प्रतिबद्धता के साथ आधुनिक टेलीमैटिक्स के माध्यम से बेहतर कार्य क्षमता] कम परिचालन खर्च और बेहतर मशीन प्रबंधन सुनिश्चित करती है। शिनराय प्राइम सिर्फ़ सिर्फ एक मशीन नहीं है यह विश्वास और सही मूल्यों का भरोसा देती है।''

ग्राहकों का मन निश्चिंत रखने के लिए टाटा हिताची के असली स्पेयर पार्ट्स] सब से सही जगह पर वेयरहाउस और बिक्री के बाद जल्द सहायता के लिए फील्ड डायग्नोस्टिक वाहन सेवा में तत्पर हैं। कुल मिला कर शिनराय प्राइम सीईवी 5 अपनी ताकत और कार्य प्रदर्शन] ईंधन सक्षमता और ग्राहकों के लिए बचत के वादे के साथ उन्हें व्यवसाय में आगे रहने में मदद करता है। टाटा हिताची का परिचयः टाटा हिताची भारत की सर्वप्रमुख कंस्ट्रक्शन मशीनरी कंपनियों में एक और सबसे बड़ी हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर कम्पनी है जो टाटा मोटर्स और जापान की हिताची कंस्ट्रक्शन मशीनरी (एचसीएम) का संयुक्त उद्यम है। एचसीएम से यह साझेदारी 1984 से है और आज यह भारत का सबसे लंबी अवधि से चला आ रहा संयुक्त उद्यम है। कंपनी के उत्पादन केंद्र धारवाड़ और खड़गपुर में हैं और पूरे देश में 275 से अधिक ग्राहक सेवा संपर्क केंद्र हैं।

कम्पनी का गठन 1961 में टाटा इंजीनियरिंग एण्ड लोकोमोटिव कंपनी (टेल्को) के कंस्ट्रक्शन उपकरण प्रभाग के रूप में किया गया। आज कम्पनी के पोर्टफोलियो में मिनी एक्सकेवेटर, कंस्ट्रक्शन एक्सकेवेटर, माइनिंग एक्सकेवेटर, बैकहोलोडर, व्हीललोडर और डम्प ट्रक के साथ-साथ अटैचमेंट, पार्ट्स की बड़ी रेंज़ और एक्सपर्ट सर्विस सॉल्यूशन हैं।

## मैहर में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग महासभा का भव्य आयोजन

मैहर।

पटेल मैरिज गार्डन में छत्रपति शाहूजी महाराज की 152वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन अनुसूचित जाति,जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग महासभा द्वारा किया गया,जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के उत्थान और एकजुटता पर बल देना था। इस विशेष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आशीष पटेल रहे। विशिष्ट अतिथियों में देवराज सिंह पूर्व सांसद,रीवा),आर.डी.प्रजापति (पूर्व विधायक),सी.एल. वंशकार (पूर्व विधायक),उषा चौधरी,और रामखेलावन जैसे प्रमुख व्यक्ति मौजूद रहे। इस महत्वपूर्ण आयोजन के मुख्य संयोजक जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी रहे।

### शासकीय डिग्री कॉलेज में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित




**सतना।** एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत कॉलेज परिसर में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम 2.0 नामक पर्यावरणीय जन-जागरूकता अभियान ने एक बार फिर समाज में हरियाली और मातृप्रेम को जोड़ते हुए एक नई मिसाल पेश की है। इस अनूठे पहल के तहत लोगों से अपील की गई कि वे अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाएँ और उसका संरक्षण करें इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ पौधारोपण नहीं,बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव पैदा करना है। इस अभियान का एक मात्र उद्देश्य सतना नगर को हरा-भरा बनाना है,ताकि विकास की गति के साथ पर्यावरण संतुलन भी बना रहे। यह प्रयास निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करने की ओर बड़ा कदम है। इस वृक्षारोपण के दौरान योगेश ताम्रकार महापौर नगर पालिक निगम,राजेश चतुर्वेदी 'पालन' अध्यक्ष (स्पीकर) नगर पालिक निगम, शेर सिंह मीना आयुक्त नगर पालिक निगम,वरिष्ठ समाजसेवी मणिकांत माहेश्वरी,सहायक कलेक्टर अनिकेत शाण्डित्य,प्रिंसिपल सुरेश चन्द राय,प्रो.श्रीमती क्रांति मिश्रा,जन भागीदारी अध्यक्ष विजय यादव, घनश्याम सोनी,जितेंद्र सिंह परिहार,ब्रिगेडियर देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अधिकारी गण,बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मैसूर में दो दिवसीय प्रशिक्षण में अमानगंज नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक ने रखा सशक्त प्रतिनिधित्व



**अमानगंज।** कर्नाटक के ऐतिहासिक शहर मैसूर में आयोजित नगर पालिका अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अमानगंज नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक ने पूरे आत्मविश्वास और गरिमा के साथ सहभागिता की। इस प्रशिक्षण में सागर संभाग से नगर अध्यक्षों ने भाग लिया, जहां शासन, प्रशासन, शहरी विकास, जनसेवा और महिला नेतृत्व जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। पहले दिन श्रीमती खटीक ने विभिन्न सत्रों में भाग लेते हुए आधुनिक शहरी प्रबंधन, जनता से संवाद और स्थानीय निकायों की भूमिका जैसे विषयों पर गहराई से जानकारी प्राप्त की। वहीं दूसरे दिन उन्होंने मंच पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए अमानगंज नगर की उपलब्धियों, ज़रूरतों और योजनाओं को सामने रखा। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि बदलाव की प्रतीक बन चुकी है। इस अवसर पर सागर संभाग से आई नगराध्यक्ष बहनों से संवाद करते हुए उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और एक-दूसरे से सीखने का अवसर भी प्राप्त किया। मैसूर जैसे सांस्कृतिक और प्रशासनिक शहर की पवित्र धरती पर यह प्रशिक्षण न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि आत्मबल और नेतृत्व क्षमता को और सशक्त करने वाला अनुभव भी रहा। श्रीमती सारिका खटीक की सहभागिता को आयोजकों और साथी प्रतिनिधियों द्वारा सराहना मिली, और अमानगंज के लिए यह अवसर एक गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आया। दो दिनों का यह अनुभव आने वाले समय में नगर के विकास, सुशासन और जनसेवा के प्रयासों को और मजबूती देगा।

### जिले में 750.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना।** जिले में इस वर्ष एक जून से 25 जुलाई की अवधि में 750.2 मिमी अर्थात 29.5 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है। अब तक वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 779.1 मिमी, देवेन्द्रनगर में 754.3 मिमी, गुनौर में 813.1 मिमी, अमानगंज में 902.2 मिमी, पवई में 702 मिमी, सिमरिया में 502.4 मिमी, शाहनगर में 693 मिमी, रैपुरा में 734.6 मिमी और अजयगढ़ में 871 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 30 जुलाई को

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आगामी 30 जुलाई को शाम 4 बजे आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को विभागवार चयनित विषयों से संबंधित तथा 100 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

### अस्पताल परिसर में लोगों को किया जागरूक



**पन्ना।** मध्य प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत जिला पुलिस कप्तान सांई कृष्ण एस थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वूदना सिंह चौहान एवं एस डी ओ पी भावना सिंह दांगी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी द्वारा आम लोगो मे जागरूक पैदा करने के लिए नगर मे प्रति दिन अनेक स्थानो एवं शासकीय संस्थाओं में नशा मुक्त कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को नशा करने से व्यक्ति के जीवन मे पडने वाले दुष्परिणाम के बारे मे विस्तार से समझाया जा रहा है शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगो को नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया गया।

# पन्ना पुलिस द्वारा नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत पन्ना शहर में निकाली गई जागरूकता साइकिल रैली एवं अजयगढ़ में 5 किलोमीटर लम्बी मैराथन दौड़ का किया गया आयोजन

**पन्ना।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जन-जागरूकता अभियान ष्नशे से दूरी है ज़रूरीष के अंतर्गत आज दिनांक 25 जुलाई 2025 को पन्ना जिले में दो प्रेरणादायक आयोजन संपन्न हुए। यह कार्यक्रम जिले में नशामुक्ति के प्रति आमजन में सजगता और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में प्रभावशाली कदम सिद्ध हो रहे हैं।

### पन्ना शहर मे आयोजित की गई जागरूकता साइकिल रैली

पन्ना पुलिस द्वारा जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जो पुलिस लाइन परिसर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य चौकों-चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों से होती हुई पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर संपन्न हुई।रैली में पुलिस अधिकारी, छात्र, जनसामान्य एवं स्थानीय सामाजिक संस्थाएं शामिल रहीं। यह आयोजन रक्षित निरीक्षक पन्ना के नेतृत्व मे आयोजित उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना प्रभारी यातायात अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की। रैली ने शहरवासियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार समाज की दिशा में प्रेरित किया।





इसी क्रम में अजयगढ़ थाना क्षेत्र में एक 5 किलोमीटर लंबी भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों युवाओं, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, महिला समूहों एवं सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी अजयगढ़ द्वारा की गई, तथा विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार अजयगढ़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, पूर्व सैनिक, युवा कल्याण विभाग के अधिकारीगण व अन्य गणमान्य नागरिकों की सक्रिय उपस्थिति ने आयोजन को जनांदोलन का रूप दे दिया।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जिलेभर में आयोजित किये गये नशा मुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रम

**पन्ना।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संपूर्ण राज्य में संचालित ष्नशे से दूरी है जरूरीष जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत, पन्ना जिले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में यह अभियान निरंतर रूप से व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। यह जनजागरूकता अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता रैलियाँ, पंपलेट वितरण, नुक्कड़ नाटक, शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम तथा हस्ताक्षर अभियान जैसे रचनात्मक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 24 जुलाई 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशा मुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य केवल संकल्प लेना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को नशा विरोधी चेतना से जोड़ना रहा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ष्नशा मुक्त मध्यप्रदेशष के संकल्प को समर्थन देते हुए हस्ताक्षर किए। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज को भी इसके दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए जन-जागरूकता फैलाएंगे। उपस्थित जनों को नशे के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक प्रभावों की जानकारी दी गई और यह संदेश दिया गया कि ष्हमारा है यही संदेश दृ नशामुक्त हो मध्यप्रदेशष। थाना कोतवाली परिसर में ग्राम रक्षा समिति एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों के साथ नशा मुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन समितियों के सदस्यों को अभियान की जानकारी दी गई और नशे के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाने में उनकी भूमिका को रेखांकित किया गया। सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर करते हुए यह प्रतिबद्धता दोहराई कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक व्यक्तियों को इस अभियान से जोड़ेंगे और नशे के विरुद्ध समाज में माहौल बनाएंगे। धरमपुर थाना परिसर मे ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यो के साथ नशामुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिनको नशे के दुष्परिणामो एवं मध्य प्रदेश पुलिस के इस अभियान की जानकारी देते हुये उक्त अभियान मे सक्रिय भूमिका निर्वाहन हेतु प्ररित किया गया एवं धरमपुर के स्थानीय विद्यालय में निबंध लेखन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने रचनात्मक विचारों, लेखन शैली तथा चित्रों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों पर अपनी गहरी समझ और चिंता को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना और भावी पीढ़ी को स्वस्थ, सकारात्मक एवं नशामुक्त जीवन की दिशा में प्रेरित करना था। थाना अजयगढ़ परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एनसीसी कैडेट्स, स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि, पत्रकारगण तथा वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने ष्नशामुक्त मध्यप्रदेशष के संकल्प को समर्थन देते हुए हस्ताक्षर किए और अपने नशामुक्त रहने के संकल्प को सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रेरित किया गया कि वे इस संदेश को गाँव-गाँव और घर-घर तक पहुँचाएं ताकि समाज में व्यापक चेतना उत्पन्न हो। थाना सलेहा क्षेत्र में ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों के साथ नशा मुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही, एक स्थानीय विद्यालय में स्लोगन व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति विषय पर चित्रों व नारों के माध्यम से रचनात्मक अभिव्यक्ति दी। इस आयोजन ने छात्र समुदाय में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाई। थाना बृजपुर में भी ग्राम रक्षा समिति, नगर समिति एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में नशा मुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी ने सक्रिय रूप से अभियान में सहभागिता की और नशा मुक्ति का संकल्प लेते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का वचन दिया। पन्ना जिले में ष्नशे से दूरी है जरूरीष अभियान जनसहयोग और विभागीय सक्रियता से एक व्यापक सामाजिक आंदोलन का रूप ले रहा है।




# अगस्त माह से दुकान किराया 2 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित




### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला चिकित्सालय पन्ना की रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी सहित सिविल सर्जन आलोक कुमार गुप्ता, सहायक प्रबंधक डॉ. दिव्या नागवंशी, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय व्यय एवं पूर्ण कार्यों के अनुमोदन सहित गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर विचार विमर्श किया गया। कलेक्टर श्री कुमार ने समिति की आय बढ़ाने के संबंध में उपस्थितजनों से सुझाव प्राप्त किए। वर्तमान में समिति के माध्यम से निर्मित 54 दुकानों के अतिरिक्त अन्य 8 दुकानों के निर्माण के संबंध में भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में सितंबर 2021 से निर्धारित दुकानों का प्रतिमाह किराया 1400 रुपए से बढ़ाकर आगामी 1 अगस्त से 2 हजार रुपए प्रतिमाह करने की बात कही। साथ ही प्रतिमाह नियमित रूप से किराया प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। अभी दुकानों का बकाया किराया 3 लाख रुपए से अधिक है। इस दौरान विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों, मरीजों की सुविधा के लिए क्रय सामग्री और अन्य आवश्यक कार्यों सहित आगामी निर्माण कार्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के इंजीनियर की देखरेख में कराने के निर्देश दिए। एम्बुलेंस एवं शव वाहन की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित जिला अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने टीम गठित कर जिला अस्पताल के सामने पार्किंग की बेहतर व्यवस्था संचालित करने, निर्धारित परिधि के बाहर फल एवं सब्जी विक्रय पर कार्यवाही एवं बोर्ड लगाने सहित असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इसके अलावा नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाने और जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में पदस्थ ऑडियोलॉजिस्ट की सेवाएं जिला अस्पताल में प्राप्त करने के संबंध में कहा। समिति की बैठक में आकस्मिक व्यय राशि को 5 हजार रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए करने का निर्णय भी लिया गया।

# नशे से दूरी है ज़रूरी पुलिस थाना अजयगढ़ में 5 किमी मैराथन से युवाओं ने दिया नशामुक्ति का संदेश



**पन्ना।** भोपाल स्थित मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी है ज़रूरी के अंतर्गत 25 जुलाई 2025 को अजयगढ़ में 5 किलोमीटर लंबी मैराथन दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों, महिला समूहों एवं सामाजिक संस्थाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी अजयगढ़ श्री बखतसिंह ठाकुर ने की, जबकि विशिष्ट उपस्थिति में नायब तहसीलदार श्री डी. आर.बौध मौजूद रहे। उनके साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स, पूर्व सैनिक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारीगण, शिक्षक वर्ग, महिला स्वयंसेवी, एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की सहभागिता ने आयोजन को एक जनांदोलन का रूप दे दिया। मैराथन दौड़ के माध्यम से युवाओं ने संकल्प लिया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया और नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरणादायक वक्तव्य भी दिए गए।थाना प्रभारी श्री ठाकुर ने अपने संदेश में कहा नशा आज की पीढ़ी को खोखला कर रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और युवा शक्ति को सही दिशा मिलती है। यह आयोजन न केवल एक दौड़ था, बल्कि नव निर्माण, संकल्प और समाज परिवर्तन की ओर एक कदम भी था।

# नशा मुक्त समाज की ओर सिमरिया पुलिस का कदम नगर में निकाली जागरूकता रैली


**पन्ना।** सिमारिया से एक प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है, जहां पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नगर में एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज को नशे से दूर रखने का संदेश दिया। रैली की शुरुआत स्थानीय पुलिस थाना सिमारिया परिसर से हुई, जो सिमरिया नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुए पुनः थाने पर समाप्त हुई। हाथों में नारे लिखी तख्तियां लिए युवाओं ने "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो", "नशा मुक्त भारत दृ स्वस्थ भारत" जैसे नारों के साथ पूरे नगर में जागरूकता फैलाई। इस अवसर पर सिमारिया थाना निरिक्षक जगतपाल सिंह ने बताया कि नशा समाज को खोखला कर रहा है और युवा पीढ़ी को इससे बचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक दिन की रैली नहीं, बल्कि जन-जागरूकता की एक लंबी श्रृंखला है, जिसमें समाज के हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। नगरवासियों ने भी इस पहल की सराहना की और युवाओं को इस नेक कार्य में सहयोग देने का संकल्प लिया। कैमरा विज़ुअल्स में रैली के नज़ारे, युवाओं के नारों की गूंज, पुलिस अधिकारियों के भाषण और जनता की प्रतिक्रियाएं प्रमुखता से शामिल की जा सकती हैं।




# पन्ना जिला की आदर्श पंचायत में नहीं है शौचालय महिलाएं हो रहीं परेशान, सिस्टम की खुली पोल

**पन्ना।** पन्ना जिले के दुरस्त विकासखंड शाहनगर की हकीकत ब्यान कर रही भाजपा सरकार की हकीकत एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को खुले में शौच मुक्त घोषित करने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर आदर्श ग्राम पंचायत शाहनगर की हकीकत इन दावों की धज्जियां उड़ाती नजर आ रही है। जिला पंचायत सी ई ओ मरावी द्वारा पंचायत को "आदर्श ग्राम" का दर्जा तो दे दिया गया, लेकिन यहाँ एक भी सार्वजनिक शौचालय मौजूद नहीं है। इससे साफ होता है कि ऊपर से लेकर नीचे तक सिस्टम किस हद तक भ्रष्टाचार में लिप्त है। सबसे अधिक परेशानी यात्रा कर रहे महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषो, ब्रद्ध लोगो को झेलनी पड़ रही है। दूर-दराज से आने वाली ग्रामीण महिलाएं खुले में शौच के लिए मजबूर हैं। बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों को घंटों तक पेशाब रोकने के कारण उन्हें स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें यूरिन इंफेक्शन प्रमुख है। जो महिला-पुरुष मूत्रालय पंचायत में बने हैं, उनमें भी गंदगी, दुर्गंध और सफाई की घोर लापरवाही बनी हुई है। राहगीर और स्थानीय निवासी लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब बुनियादी सुविधा तक नहीं है, तो शाहनगर को आदर्श ग्राम पंचायत का दर्जा किस आधार पर दिया गया? यह लगातार चर्चा का विषय बना हुआ रहता है। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन इन समस्याओं की सुध लेगा या फिर यह आदर्श का तमगा महज़ कागज़ों तक सीमित रहेगा।





# पुलिस अधिकारी कर्मचारी और मौजूद लोगों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

### पुलिस थाना परिसर अमानगंज में नशा मुक्ति अभियान को लेकर कार्यक्रम संपन्न



**ग्राम रक्षा सदस्यों को किया गया जागरूक**

**अमानगंज।** पुलिस थाना अमानगंज परिसर में आज दिनांक 24 जुलाई 2025 दिन गुरुवार को सायं 6रू00 बजे पुलिस विभाग एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना के दिशा-निर्देशन पर एसडीओपी गुनौर मानसिंह टेकाम की मौजूदगी में थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री द्वारा नशा मुक्ति अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी मानसिंह टेकाम द्वारा ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को नशा मुक्ति अभियान के संबंध में जागरूक किया गया और उनसे कहा कि आप सभी पहले तो स्वयं नशे को पूर्ण रूप से छोड़े और उसके बाद गांव और क्षेत्र के सभी लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताकर नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करें। साथ ही उनके द्वारा कहा गया कि आप सभी को अपने-अपने गांव में पूर्ण सजग रहना है और नशे के अवैध व्यापार करने वालों की जानकारी पुलिस को देनी है। साथ ही गांव में हो रही चोरियों पर पूर्णतः रोग लगने के लिए सबको सहयोग करना है। गांव में यदि कोई बाहरी व्यक्ति दिखाई देता है तो उसकी सूचना तुरंत थाना में देना है क्योंकि बहुत से लोग बाहर से आकर झुग्गी-झोपड़ी बना कर रहते हैं और बाद में विभिन्न आपराधिक घटनाओं को भी अंजाम देते हैं। कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री द्वारा समस्त पुलिस स्टाफ और कार्यक्रम में मौजूद लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई।

**खबर संक्षेप**



### विकसित भारत के लिए मानवीय पूंजी विषय पर आयोजित की गई कार्यशाला

**छतरपुर**। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार डाइट नौगांव जिला छतरपुर में विकसित भारत के लिए मानव संसाधन बिषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी आरपी प्रजापति ने बताया कि कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत तपस्या सिंह परिहार के मार्गदर्शन में मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आगामी नवंबर माह में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की जाने वाली मुख्य सचिव कांफ्रेंस के लिए फीडबैक नोट तैयार करने के उद्देश्य से स्कूलिंगः बिल्डिंग ब्लॉक्स अर्थात स्कूली शिक्षा के विभिन्न आधारभूत आयामों पर शिक्षा विभाग के सभी जिला तथा विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों, समस्त हितधारकों, शिक्षाविदों तथा शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा विचार विमर्श कर जिले स्तर का एक फीडबैक नोट तैयार किया गया जिसमें भारत के उज्जवल भविष्य के निर्माण हेतु गुणवत्ता पूर्ण स्कूली शिक्षा में समावेशी और प्रभावी बनाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस कार्यशाला में प्राप्त निष्कर्ष को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित देश के समस्त प्रदेशों के मुख्य सचिवों की कांफ्रेंस में प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी आरपी प्रजापति, डीपीसी अरूणशंकर पाण्डेय, डाईट प्राचार्य रामकुमार वर्मा, एपीसी अकादमिक नीरज खरे, निपुण प्रोफेशनल ओमकार हरम, शिक्षाविद् हफीज खान, अरविंद गुप्ता सहित समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, डाईट के समस्त अकादमिक सदस्यों ने सहभागिता की।

### समाजवादी पार्टी ने पूर्व सांसद फूलन देवी के बलिदान दिवस पर किया नमन

*सरकार की विफलताओं को लेकर 1 अगस्त को विधानसभा घेराव करेगी पार्टी*



**छतरपुर**। शहर के महोबा रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को पूर्व सांसद फूलन देवी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस दौरान उनके संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेने पर जोर दिया गया और प्रदेश सरकार की विफलताओं के खिलाफ आंदोलन की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष कपूर सिंह यादव ने बताया कि फूलन देवी के संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को याद करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनोज यादव के नेतृत्व में 1 अगस्त 2025 को प्रदेश सरकार की विफलताओं के खिलाफ विधानसभा का घेराव किया जाएगा। यह आंदोलन सरकार की नीतियों और जनविरोधी फैसलों के खिलाफ समाजवादी पार्टी की एकजुटता को दर्शाएगा।

# आयुरग्राम में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न, पर्यावरण संरक्षण की ली गई शपथ



**खजुराहो**। खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा के आव्हान पर, मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के प्रमुख पं. सुधीर शर्मा के निर्देशन व सहयोग से 1100 पौधे रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पहल के अंतर्गत खजुराहो एवं आसपास के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों मतंगेश्वर महादेव परिसर, बगराजन माता, गेल के बब्बा जू, त्रिलोखर धाम आदि में नौ दिवसीय वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसी श्रृंखला में आज आयुरग्राम में परिवर्तन एन.जी.ओ. के द्वारा 108 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही, जिससे यह आयोजन सामाजिक पर्यावरण चेतना का प्रतीक बन गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी उपस्थित रहे साथ में मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल समाजसेवी अशोक गौतम, दिनेश गौतम, त्यागी जी महाराज, परशुराम तिवारी, देवेंद्र चतुर्वेदी, आशाराम पाल, परिवर्तन एन.जी.ओ. प्रतिनिधि राकेश राजोरिया, मीना अनुरागी, अभिजीत ओसमण्ड, रविंद्र पाठक, वीरेंद्र सिगोत, आयुरग्राम प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद (केरल), एवं सपना शुक्ला, संतोष सिंह सेंगर, ओवेस खान, शियाराम अहिरवार आदि उपस्थित रहे। जलपान व्यवस्था मे वुड कैफे का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी ग्रामवासियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# शासकीय जमीनों पर कब्जे के खिलाफ सड़क पर उतरा सर्व हिंदू समाज

**रैली निकालकर किया प्रदर्शन, जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

छतरपुर।

शहर के भीतर शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जे और कथित लैंड जिहाद के खिलाफ सर्व हिंदू समाज ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। स्टेडियम से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालकर नारेबाजी की गई और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर एक माह के भीतर कार्रवाई की मांग की गई।



दोपहर करीब 12 बजे सैकड़ों लोगों ने स्टेडियम से छत्रसाल चौक, चौबे तिराहा होते हुए कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाली और लैंड जिहाद के खिलाफ नारेबाजी की। ज्ञापन सौंपते हुए बताया गया कि छतरपुर में बेसकीमती शासकीय जमीनों पर कूट रचित दस्तावेजों के जरिए कब्जा किया जा रहा है। विशेष रूप से महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के केन परिसर, पन्ना रोड के सामने की जमीन पर वक्फ बोर्ड के बोर्ड लगाकर कब्जा किया गया है, जहां भविष्य में दुकानें और अवैध गतिविधियों की योजना है, जो छात्र-छात्राओं के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विश्वविद्यालय के धसान परिसर के पास 32 एकड़ शासकीय भूमि पर भी 1955 से 2020 तक फर्जी दस्तावेजों के जरिए अतिक्रमण किया गया, जिसे शासकीय घोषित करने की मांग की गई। इसके अलावा, संकट मोचन पहाडिय़ा पर वन विभाग की जमीन पर कब्जा और रियासत कालीन गोपाल टोरिया मंदिर के मार्ग को अवरुद्ध करने का भी आरोप लगाया गया। ज्ञापन में प्रशासन पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा गया कि यह चौथा ज्ञापन है, और यदि एक माह में कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा। प्रदर्शन में नीरज भार्गव, रामगोपाल यादव, विक्की यादव, सूरज बुंदेला, आशुतोष तिवारी, आकाश दीक्षित, जीतेंद्र महाराज सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# जिला बदर आरोपियों को मिली पुलिस की चेतावनी



**छतरपुर**। छतरपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण के लिए पूर्व में जिला बदर किए गए आरोपियों की सघन निगरानी और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने ऐसे अपराधियों को चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई होगी।

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर छतरपुर पुलिस ने सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में पूर्व में जिला बदर किए गए आरोपियों की गतिविधियों की जांच की। इन आरोपियों को थानों में बुलाकर शांतिपूर्ण व्यवहार बनाए रखने और उपद्रव न करने की समझाइश दी गई। पुलिस ने यह भी जांचा कि वर्तमान में जिला बदर किए गए अपराधी जिले की भौगोलिक सीमा के भीतर तो नहीं हैं। कुछ अपराधी क्षेत्र से बाहर पाए गए, जिनकी जानकारी एकत्र की गई। जिला बदर आरोपियों द्वारा शपथ ली गई कि वे अपराध से दूर रहेंगे और समाज में दहशत नहीं फैलाएंगे। पुलिस ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने या माहौल खराब करने की स्थिति में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मुंबई से घर लौट रहे चोर को पुलिस ने दबोचा



**छतरपुर**। जिले के गढ़ी मलहरा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर और ट्राली चोरी के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को मुंबई से पकड़ा है। बताया गया है कि वर्ष 2024 में ग्राम पिड़पा निवासी धर्मेंद्र यादव के बाड़े से सोनालिका कंपनी का ट्रैक्टर और ट्राली, जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपये थी, चोरी हो गई थी। गढ़ीमलहरा पुलिस ने चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की और कुछ समय बाद चोरी की गई संपत्ति बरामद कर ली। हालांकि, आरोपी रामजी उर्फ राम सिंह ठाकुर पुत्र गोविंद सिंह ठाकुर निवासी ग्राम खिरवा थाना महाराजपुर फरार था। पुलिस ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में उसकी तलाश में दबिश दी। अंततः सूचना मिली कि आरोपी मुंबई, महाराष्ट्र से महाराजपुर लौट रहा है, जिसमें बाद पुलिस ने रात्रि में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# 6 साल पुराने मामले में इनामी वारंटी गिरफ्तार



छतरपुर।

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान के तहत पुराने आपराधिक मामलों में फरार आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है। इस अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने 6 साल पुराने अवैध शराब मामले में 2000 रुपये के इनामी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जबकि जिले भर में 285 से अधिक प्रकरणों में फरार अपराधियों को पकड़ा गया। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने बताया कि 2019 के आबकारी एक्ट के एक मामले में फरार 2000 रुपये के इनामी वारंटी धर्मेंद्र सिंह पुत्र अखंड प्रताप सिंह बुंदेला निवासी विक्रमपुर थाना राजनगर को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि अभी तक उक्त अभियान के तहत जिले भर में 25 साल पुराने हत्या के प्रयास, अपहरण, दुष्कर्म, चोरी, छेड़छाड़, धोखाधड़ी, अवैध हथियार और विस्फोटक अधिनियम जैसे 285 से अधिक प्रकरणों में 4 लाख रुपये से अधिक के इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें नौगांव पुलिस ने 25 साल पुराने अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी, बमीठा पुलिस ने 14 साल पुराने विस्फोटक मामले के आरोपी, मातगुवां पुलिस ने 10 साल पुराने लूट और एनडीपीएस के आरोपी, जुझार नगर पुलिस ने 25 साल पुराने छेड़छाड़ और 3 साल पुराने मारपीट के आरोपी, बिजावर और गढ़ी मलहरा पुलिस ने 7 और 17 साल पुराने चोरी और धोखाधड़ी के आरोपी, तथा ओरछा रोड पुलिस ने 20-21 साल पुराने चोरी के आरोपियों को पकड़ा।

# कट्टा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने दबोचा, पहले वायरल हुआ था वीडियो



**छतरपुर**। जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत महाराजपुर पुलिस ने सिमरधा रोड पर एक संदिग्ध को अवैध कट्टे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक, महाराजपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि सिमरधा रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार के साथ मौजूद है। दोपहर में क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरधा रोड पार्क के पास पहुंचकर घेराबंदी की। संदिग्ध हृदेश पुत्र गोविंद कुशवाहा निवासी ग्राम गौरारी थाना महाराजपुर ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे मौके पर पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का देशी कट्टा और कारतूस बरामद हुआ। हृदेश का अवैध हथियार के साथ प्रदर्शन का वीडियो पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका था। उसके खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है, और उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# शेरावाली माता मंदिर प्रांगण में लगाया बरगद का पौधा



**छतरपुर**। शहर के पठापुर रोड बकायन मार्ग में स्थित शेरावाली माता मंदिर परिसर में बीती शाम हरियाली अमावस्या के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में पहले से ही पीपल और नीम के पौधे लगे थे इसलिए यहां बरगद का पौधा लगाया गया है ताकि त्रिवेणी बन सके। इस समय छतरपुर में पर्याप्त बारिश हो रही है जहां भी स्थान मिले वहां अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करना चाहिए। सनातन धर्म में हरियाली अमावस्या के अवसर पर पौधरोपण का विशेष महत्व है इसलिए विशाल वटवृक्ष का पौधा रोपकर इसकी सुरक्षा का जिम्मा लिया गया। इस मौके पर सियाराम यादव, कमल अवस्थी, पवन कुशवाहा, मयंक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर मारपीट का आरोप, पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर**। जिले के बमीठा थाना अंतर्गत चन्द्रनगर कस्बे के रहने वाले विश्वकर्मा परिवार ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनके घर में घुसकर न केवल लाठी-डण्डों से मारपीट की बल्कि कट्टे की नोक पर जान से मारने की धमकी दी। चन्द्रनगर चौकी में घटना की शिकायत की गई। पुलिस ने मामला तो दर्ज किया है लेकिन पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मामूली धाराएं लगाई गई हैं जिससे पक्षपात सामने आ रहा है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कठोर कार्रवाही की मांग की है। चन्द्रनगर निवासी जमुना विश्वकर्मा, दामोदर विश्वकर्मा, गौरीशंकर विश्वकर्मा सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय आकर अपने आवेदन के माध्यम से उनके ऊपर हुए बर्बर अत्याचार की जानकारी दी। पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि उसकी निजी भूमि पर गांव के ही कुछ लोग कब्जा कर जबरन मकान बना रहे थे जब इसका विरोध किया तो आरोपी राममिलन तिवारी, संदीप तिवारी, जागेश्वर तिवारी, इन्द्रपाल तिवारी, जीतू तिवारी, रामलखन, दीपक तिवारी ने अपने सहयोगियों के साथ घर में घुसकर मारपीट की। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना 24 जुलाई दोपहर पौने 12 बजे की है। चौकी में घटना की शिकायत दी गई, शाम करीब 6 बजे मामूली धाराओं में आरोपियों पर कार्रवाही हुई है। इस संपूर्ण मामले की गंभीरता से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाही की मांग की गई है।

**छतरपुर नगरपालिका को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में मिली उत्कृष्ट रैंकिंग**

# विधायक एवं कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान

छतरपुर।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छतरपुर शहर को उत्कृष्ट रैंकिंग प्राप्त हुई है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में नगर पालिका छतरपुर द्वारा गुरुवार को ऑडिटोरियम हॉल में धन्यवाद मध्यप्रदेश-धन्यवाद छतरपुर की थीम पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सफाई मित्रों एवं स्वच्छ भारत अभियान में अपना योगदान देने वाले सफाई मित्रों, कर्मचारियों और स्कूलों, एनसीसी, एनएसएस, सामाजिक संगठनों के लिए सम्मान एवं नागरिक धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात छतरपुर विधायक ललिता यादव, कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्वच्छ नगर ऐप लॉन्च किया गया।



छतरपुर विधायक ललिता यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन में निरंतर योगदान देने वाले सफाई मित्रों, नगर पालिका के स्वच्छता कर्मचारियों, स्वच्छता चैंपियन, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, सामाजिक संगठनों, जागरूक नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा अपने घर के बाहर साफ-सुथरा रखे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि छतरपुर शहर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक गौरवपूर्ण रैंकिंग प्राप्त की है। साथ ही शहरवासियों से अपील की है कि घरों से निकलने वाला कचरा कचरा गाड़ी में डाले, साथ ही स्वच्छ नगर ऐप डाउनलोड करे।

छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा कि यह सफलता छतरपुर की जनता, हमारे कर्मचारियों, सफाई मित्रों, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही संभव हुई है। उन्होंने कहा सभी के सहयोग से हर बार जीतेंगे। सीएमओ माधुरी शर्मा ने कहा कि यह सफलता सफाई मित्रों से लेकर, सामाजिक संगठनों और खासकर छतरपुर की जागरूक जनता का आभार व्यक्त करती हूँ, जिनके सहयोग के बिना यह सफलता संभव नहीं था।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र चौरसिया, ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय संयोजक, गंगा विचार मंच, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन डॉ. भरत पाठक, अरविन्द बुन्देला, पार्षद श्रीमती प्रेमबाई अहिरवार, रामदयाल यादव, दिलीप रैकवार, रामप्रसन्न शर्मा, रामस्वरूप बाल्मीक, पार्षद प्रतिनिधि सुनील वर्मा, सहित पीओ डूडा साजिदा कुरैशी, सहायक यंत्री देवेंद्र धाकड़, सहायक ग्रेड-2 टीडी अहिरवार, स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया उपयंत्री महेंद्र पटेल, अंकित अरजरिया, आमिर, गोकुल प्रजापति, श्रीमती शशिप्रभा सिंह, सिटी मिशन मैनेजर सीपी गुप्ता, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, एनएसएस, एनसीसी, विद्यालय शा. उत्कृष्ट विद्यालय क्र.01, शा. उत्कृष्ट विद्यालय क्र.02, सरस्वती उ.मा. विद्यालय, महर्षि विद्या मंदिर, सत्यशोधन गांधी आश्रम, समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय चेतना मंच, संगम सेवालय, दर्शना महिला कल्याण समिति, वैभव बुन्देलखण्ड जनहित महिला समिति, प्रताप नवयुवक एवं पर्यावरण वाहिनी सहित एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम जीरो वेस्ट इवेंट की थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राम सिंह राय द्वारा किया गया।

**समाजसेवा की आड़ में जमीन पर कब्जे का आरोप**

# मानव सेवा उत्थान समिति पर लगे गंभीर आरोप, कार्रवाई की मांग

**खजुराहो**। एक स्थानीय परिवार ने मानव सेवा उत्थान समिति पर उनकी पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जे का गंभीर आरोप लगाया है। परिवार का कहना है कि समिति दान में दी गई जमीन की सीमा से बाहर जाकर निर्माण कर रही है और विरोध करने पर धमकी व गाली-गलौज का सहारा ले रही है।

चिरोंजिया बाई पटेल, उनके पति गंगा प्रसाद पटेल और पुत्र चरन सिंह पटेल व जगदीश पटेल ने बताया कि 1998 में उन्होंने समाजसेवा के उद्देश्य से मानव सेवा उत्थान समिति को अपनी जमीन का हिस्सा दान दिया था। अब समिति उससे सटी अतिरिक्त जमीन पर जबरन निर्माण कर रही है। चरन सिंह के अनुसार, समिति के सदस्य मलती देवी, लखन नामदेव, कन्छेदी विश्वकर्मा और भइयन पटेल इस साजिश में शामिल हैं। विरोध करने पर समिति के लोगों ने गाली-गलौज, पत्थरबाजी और झूठी



पुलिस शिकायत की धमकी दी। परिवार ने पटवारी, तहसीलदार और एसडीएम से सीमांकन करवाया, जिससे साबित हुआ कि समिति तय सीमा से बाहर निर्माण कर रही है। फिर भी, समिति शनिवार की शाम या रात में चुपके से निर्माण कार्य करती है। चिरोजिया बाई ने कहा कि उन्होंने समिति को समाजसेवा के लिए जमीन दी, खाना खिलाया और मदद की, लेकिन अब वही लोग उनकी जमीन हड़पने और परेशान करने पर उतारू हैं। परिवार ने कलेक्टर और न्यायालय में जाने की चेतावनी दी है और कहा कि प्रशासन की चुप्पी से स्थिति उग्र हो सकती है। यह मामला उच्चस्तरीय जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग करता है।

### इनका कहना है

दोनों पक्षों को समझाया गया है, मौके पर जाकर जमीन का सीमांकन भी किया गया है। मानव सेवा उत्थान समिति को रोका गया है कि इस तरह से कार्य न करें, अन्यथा बड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**धीरज गौतम, तहसीलदार, राजनगर**

# बकस्वाहा में आधार कार्ड सेंटर की मनमानी से परेशान

**बकस्वाहा**। तहसील के ग्राम पंचायत निवार के आदिवासी ग्रामीण शासन की 'धरती आभा योजना के अंतर्गत अपने बच्चों और परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड बनवाने बकस्वाहा आधार केंद्र पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि वे 11 बच्चों और 4 वयस्कों के आधार कार्ड बनवाने केंद्र पहुंचे थे, लेकिन सेंटर संचालक ने बच्चों के पिता को बुलाने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया। इसके बाद ग्रामीण पिकअप वाहन से बच्चों के पिता को लेकर पुनः केंद्र पहुंचे, लेकिन तब तक आधार केंद्र को बंद कर दिया गया। इससे नाराज ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वे रोजी-मजदूरी छोड़कर कई बार सेंटर आए हैं, लेकिन हर बार



कोई न कोई बहाना बना दिया जाता है। छिंगा आदिवासी, रघुवीर आदिवासी, सेव सिंह आदिवासी और अनिल आदिवासी ने बताया कि जिला कलेक्टर ने विशेष रूप से सभी आदिवासियों से आधार कार्ड बनवाने की अपील की थी, लेकिन सेंटर संचालकों की लापरवाही और मनमानी से वे योजना का लाभ नहीं ले पा रहे। इस मामले पर तहसीलदार भरत पांडे ने कहा कि आधार कार्ड सेंटर की शिकायत मिली है। जांच कराई जाएगी और सभी पात्र आदिवासियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय जेल में महिला बंदियों द्वारा जूट उत्पादन निर्माण स्वरोजगार प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र



**रीवा।** ग्रामीण विकास भारत सरकार द्वारा संचालित उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान एवं यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के सहयोग से रीवा जेल में परिरूद्ध महिला बंदियों के लिए जूट उत्पाद निर्माण स्व-रोजगार मूलक प्रशिक्षण हेतु 35 महिला वंदियों का रजिट्रेशन कराया गया। महिला बंदियों द्वारा जूट उत्पाद निर्माण स्व-रोजगार मूलक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करने के बाद प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुनीत चतुर्वेदी संचालक यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, मो. इब्राहिम उप क्षेत्र प्रमुख यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, श्री अखिलेश मिश्रा वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं नरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। महिला बंदियों को अवगत कराया गया कि जेल से रिहा होने के पश्चात स्व-रोजगार प्रशिक्षण हेतु यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। सतीश कुमार उपाध्याय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रीवा द्वारा बताया गया कि जूट उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण पश्चात पुरुष बंदियों के लिये मोटरसाईकल रिपेयरिंग प्रशिक्षण स्व-रोजगार मूलक प्रशिक्षण प्रारंभ किया जावेगा।

### खादी ग्रामोद्योग भंडार 25 दिनों से बंद, दो प्रबंधकों की खींचतान से शासन को लाखों का नुकसान, मानवाधिकार संगठन ने कार्रवाई की मांग

**रीवा।** अमहिया क्षेत्र में स्थित खादी ग्रामोद्योग भंडार, जो बीते चार दशकों से होटल एम.एल. गैलेक्सी के नीचे संचालित हो रहा था, बीते 25 दिनों से बंद पड़ा है। इस भंडार को रीवा संभाग का एकमात्र शासकीय खादी बिक्री केंद्र माना जाता है, जहां शासन द्वारा प्रोत्साहित किए जा रहे खादी वस्त्रों की नियमित बिक्री होती थी। भंडार के अनियमित संचालन से जहां आमजन को खादी वस्त्रों की उपलब्धता में कठिनाई हो रही है, वहीं शासन को भी प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान झेलना पड़ रहा है। भंडार बंद होने का मुख्य कारण दो प्रबंधकों के बीच चल रही प्रशासनिक खींचतान है। पहले यहां के प्रबंधक सत्य सागर थे, जिनका हाल ही में स्थानांतरण शहडोल कर दिया गया।

# अनंत जल रश्मियों की अनुपम छटा बिखेरते विन्ध्य के जलप्रपात

**वर्षा जल से नवयौवन को प्राप्त नदियों की अथाह जलराशि ऊंचे पर्वतखण्डों से नीचे गिरकर जलप्रपात बनाती है तो गिरना भी सार्थक हो जाता है। प्राचीन काल से पूरा विन्ध्य क्षेत्र घने वनों, दुर्गम पर्वतों, वन्य प्राणियों और ऋषि मुनियों से समृद्ध प्रदेश रहा है। विन्ध्य पर्वतमाला की कई छोटी-बड़ी नदियां वर्षाकाल में अपार जलराशि के साथ सुंदर जलप्रपातों का निर्माण करती हैं। रीवा और मऊगंज जिले में चार बड़े और आकर्षक जल प्रपात हैं।**





**रीवा।** इन जलप्रपातों में जून से दिसम्बर माह तक पर्यटकों की भीड़ रहती है। वर्षाकाल में नदियों की अनंत जल रश्मियाँ जलप्रपातों में घोर गर्जना के साथ सौन्दर्य की अनुपम छटा बिखेरती हैं। जलप्रपातों के मामले में विन्ध्य देश का सबसे समृद्ध क्षेत्र है। लगभग 50 किलोमीटर के दायरे में यहाँ अलग-अलग नदियों पर चार बड़े जलप्रपात स्थित हैं। इनका समुचित विकास होने पर इन्हें पर्यटन के बड़े केन्द्रों के रूप में विकसित किया जा सकता है।बॉक्स पुरवा जलप्रपात यह जलप्रपात रीवा से केवल 35 किलोमीटर दूर स्थित है। यह जलप्रपात अपनी प्राकृति सुंदरता भौगोलिक महत्व और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। पुरवा जलप्रपात में टमस नदी 230 फिट ऊपर से गिरकर सुंदर प्रपात का निर्माण करती है। पुरवा जलप्रपात विन्ध्य के अन्य प्रपातों की तुलना में अधिक चौड़ा है। नदी में अच्छा पानी होने पर इसकी गर्जना दूर से सुनाई देती है। इसके चारों ओर सुरक्षा के लिए बाउन्ड्रीवॉल बना दी गई है। इसके पास पर्यटन विभाग तथा वन विभाग का गेस्टहाउस भी है। रीवा से आसानी से पुरवा प्रपात पहुंचा जा सकता है। बॉक्स चचाई जलप्रपात चचाई जलप्रपात मध्यप्रदेश का छिपा हुआ रत्न है। यह रीवा शहर से 45 किलोमीटर दूर है। यहाँ बीहर नदी 430 फिट की ऊंचाई से गिरकर आकर्षक जलप्रपात का निर्माण करती है। यह क्षेत्र घने वनों और प्राकृतिक सौन्दर्य से भरा हुआ है। यहाँ पानी ऊंचाई से गिरकर संकरी घाटी में गिरकर शक्तिशाली धारा के रूप में दिखाई देता है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने चचाई प्रपात को देखकर इसे प्रकृति का अनुपम उपहार बताया था। सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विद्यानिवास मिश्र के रूपहला धुंआ निबंध में चचाई प्रपात के अनुपम सौंदर्य का सुंदर चित्रण किया गया है। टोंस जलविद्युत परियोजना के कारण अब चचाई जलप्रपात का सौंदर्य केवल वर्षाकाल में ही दृष्टिगोचर होता है। इसके कई फोटो बहुत प्रसिद्ध हुए हैं। चचाई प्रपात से जुड़ी कई ऐतिहासिक कहानियाँ और किवदंतियाँ क्षेत्र में प्रचलित हैं।बॉक्स क्योटी जलप्रपात क्योटी जलप्रपात रीवा से लगभग 55 किलोमीटर दूर स्थित है। चचाई जलप्रपात से इसकी दूरी महज 15 किलोमीटर है। यह जलप्रपात सुंदर प्राकृतिक वातावरण और मनोरम दृश्यावली के लिए जाना जाता है। यहाँ का शांत वातावरण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। क्योटी में महाना नदी लगभग 325 फिट की ऊंचाई से गिरकर सुंदर प्रपात का निर्माण करती है। यहाँ पर पानी एक संकरी चट्टान से नीचे गिरता है जिसके कारण पानी की धारा बहुत तेज और शक्तिशाली दिखाई देती है। इसके समीप ऐतिहासिक क्योटी किला भी कई रहस्यों और किवदंतियों को समेटे हुए स्थित है।बॉक्स बहुती जलप्रपात यह जलप्रपात रीवा से 75 किलोमीटर दूर मऊगंज जिले में स्थित है। यह विन्ध्य क्षेत्र ही नहीं पूरे मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचा जलप्रपात है। बहुती में सेलर नदी 650 फिट की ऊंचाई से दो धाराओं में विभक्त होकर गिरती है। नीचे सुंदर कुंड और चारों ओर घने वन हैं। बहुती में अनंत जलराशि लंबवत चट्टानों पर गिरती है। जुलाई से सितम्बर माह तक इस प्रपात का सौंदर्य अपने चरम पर होता है। प्रपात के आसपास सुरक्षा प्रबंधों की आवश्यकता है। कई स्थानों पर चट्टानें अचानक ढलान में उतरती हैं। इस प्रपात के समीप ही अष्टभुजा देवी का प्रसिद्ध मंदिर भी स्थित है। प्रयागराज और बनारस से सड़क मार्ग से सीधे जुड़ा होने के कारण उत्तरप्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहाँ पहुंचते हैं। इसके पास भैंसहाई में प्रागैतिहासिक काल के भित्तचित्र मिले हैं।

## मुख्यमंत्री आज रीवा में करेंगे पर्यटन कॉन्क्लेव का शुभारंभ

रीवा।



*मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 26 जुलाई को दोपहर 12.05 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर एक बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से दोपहर 1.05 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 1.25 बजे सतना जिले के रैंगाव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सिंहपुर में महिला सम्मेलन में भाग लेकर दोपहर बाद 3.20 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 3.45 बजे ग्राम हरदुआ पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4 बजे ग्राम हरदुआ से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर शाम 4.20 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4.40 बजे सैनिक स्कूल रीवा पहुंचकर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों का नमन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सैनिक स्कूल में आयोजित शहीदों के सम्मान समारोह में कारगिल युद्ध के शहीदों के परिजनों और वीर नारियों को सम्मानित करेंगे। समारोह में भारतीय सेना की डेयरडेविल टीम द्वारा मोटरसाइकिल पर विभिन्न कर्तव्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री समारोह में भारतीय सेना के मोटरसाइकिल अभियान वीरता के पहिए को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। समारोह के बाद मुख्यमंत्री शाम 5.35 बजे सैनिक स्कूल से प्रस्थान कर शाम 5.40 बजे कालेज चौराहा स्थित नवीन संयुक्त एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। भवन के अवलोकन के पश्चात मुख्यमंत्री परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधे रोपित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव शाम 6 बजे कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम पहुंचकर रीजनल पर्यटन कॉन्क्लेव का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव में पर्यटन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे।*

## सड़क नहीं, कंधों पर जीवन का बोझ, हार्ट अटैक के बाद बुजुर्ग को खाट पर 4 किमी पैदल ले गए परिजन, गंगेव जनपद के बहेरा गांव में नहीं पहुंची एंबुलेंस

**रीवा।** जिले के गंगेव जनपद पंचायत अंतर्गत बहेरा लखन खोरिहान गांव एक बार फिर ग्रामीण बदहाली की तस्वीर बनकर सामने आया है। गांव में सड़क नहीं होने की वजह से गुरुवार को एक बुजुर्ग को हार्ट अटैक आने पर परिजन खाट पर लिटाकर चार किलोमीटर तक पैदल ले जाने को मजबूर हो गए। कीचड़, नाले और पथरीले रास्तों को पार करते हुए परिजनों ने उन्हें मुख्य सड़क तक पहुंचाया, जहां से निजी वाहन से रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। पीड़ित बुजुर्ग की पहचान 60 वर्षीय रुचाराम शर्मा के रूप में हुई है। अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल किया, लेकिन सड़क न होने से वाहन गांव तक नहीं पहुंच सका। इसके बाद परिवार वालों ने गांव के कुछ लोगों की मदद से खाट पर उन्हें उठाया और करीब चार किलोमीटर पैदल मुख्य मार्ग तक लाए। घटना का एक वीडियो सामने आने के बाद पूरे जिले में प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल वीडियो में ग्रामीण बुजुर्ग को खाट पर लेकर जलभराव, कीचड़ और उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरते नजर आ रहे हैं। पीछे महिलाएं और बच्चे भय और लाचारी की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं।बॉक्स वर्षों से उठती रही है मांग, नहीं हुई सुनवाईगांव के निवासी वंशपति साकेत ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। मेरी बहू को प्रसव पीड़ा हुई थी, तो उसे भी इसी तरह खाट पर उठाकर ले जाना पड़ा था। पिछले वर्ष एक अन्य मरीज की समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण जान जा चुकी है। बॉक्स जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की चुप्पीस्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से इस सड़क की मांग की जा रही है, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। पंचायत और जनपद स्तर से लेकर जिला प्रशासन तक आवेदन दिए गए, पर स्थिति जस की तस है।

## पुलिस वाहन में वारंटी के हाथ में हथकड़ी फिर भी बनाई रील, जांच के आदेश



**रीवा।** रीवा जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर से सवाल उठ खड़े हुए हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक वारंटी को पुलिस वाहन में बैठकर रील्स बनाते हुए देखा जा सकता है। यह मामला चोरहटा थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां पुलिस की हिरासत में रहते हुए आरोपी कोर्ट पेशी के लिए ले जाया जा रहा था। इस दौरान वह पुलिस वाहन के अंदर ही मोबाइल से वीडियो बनाता रहा, जिसे बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड कर दिया गया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वारंटी पूरी बेफिक्री के साथ कैमरे के सामने पोज दे रहा है और ट्रेंडिंग म्यूजिक पर एक्टिंग कर रहा है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सवाल यह है कि आखिर हिरासत में होने के बावजूद एक आरोपी के पास मोबाइल फोन कैसे आया? और उसे रील्स बनाने की छूट कैसे मिल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी आरती सिंह ने तुरंत जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटना की पूरी जांच कराई जाएगी और यदि किसी पुलिसकर्मी की लापरवाही सामने आती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पारिवारिक रंजिश में जमकर हुई मारपीट, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना



**रीवा।** शहर के घोघर मोहल्ला वार्ड क्रमांक 35 में पारिवारिक रंजिश ने बुधवार देर रात हिंसक रूप ले लिया, जब एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। जिसके बाद सिटी कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी अनुसार रात लगभग साढ़े 10 बजे एक युवक अपने घर के बाहर बातचीत कर रहा था, तभी स्कूटी सवार तीन युवकों ने अचानक वहां पहुंचकर हमला कर दिया। हमलावरों में दो सगे भाई और उनका एक सहयोगी शामिल था। बताया जा रहा है कि हमलावर युवक उसी परिवार से संबंधित हैं और आपसी संबंधों में पहले से विवाद चला आ रहा था। मारपीट की यह पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि आरोपी बेल्ट और घूंसे से पीड़ित पक्ष के लोगों पर हमला कर रहे हैं। वहीं, घटना के दौरान जब पीड़ित की पत्नी, मां और अन्य मोहल्लेवासी बीच-बचाव के लिए आगे आए तो उनके साथ भी अभद्रता और हाथापाई की गई।पीड़ित पक्ष की ओर से रोहित सोनी नामक युवक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि हमलावर उनके चचेरे भाई और उनके साथी थे, जिन्होंने अचानक गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं से भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## डिप्टी सीएम ने एम.आर.आई. मशीन का किया लोकार्पण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 13 करोड़ रूपये की लागत की नवीन एमआरआई मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस अत्याधुनिक मशीन से मरीजों का एमआरआई का परीक्षण बेहतर ढ़ंग से होगा। शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल इस क्षेत्र के मरीजों के लिए बड़ी सौगात है। यहां अत्याधुनिक मशीनों से जांच एवं कुशल चिकित्सकों द्वारा गंभीर रोगों का इलाज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अस्पताल में आयुष्मान धारक भर्ती मरीजों का निःशुल्क एमआरआई होगा तथा अन्य मरीजों का परीक्षण शासन द्वारा निर्धारित दर के अनुसार किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार भवन एवं निर्माणाधीन नवीन कैथ लैब का निरीक्षण किया। विदित हो कि नवीन कैथ लैब शीघ्र ही प्रारंभ हो जायेगी। शुक्ल ने कैंसर यूनिट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य को गति देने के निर्देश दिये। इस दौरान डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल डॉ. अक्षय श्रीवास्तव सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

## एम.बी.बी.एस. की हिन्दी माध्यम से की गई पढ़ाई से मरीजों के मिशन मातृ भाषा, प्रोत्साहन एवं जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिन्दी माध्यम से एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई से मरीजों के इलाज में सुगमता होगी। हमारा प्रदेश हिन्दी माध्यम से चिकित्सा शिक्षा देने वाला राज्य है जहाँ इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में मिशन मातृभाषा प्रोत्साहन एवं जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिन्दी भाषा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन प्रशंसनीय है। हिन्दी माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा साथ ही उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने प्रदेश में हिन्दी के माध्यम से चिकित्सा की शिक्षा देने का शुभारंभ किया था जो अब मूर्तरूप ले रहा है और हिन्दी माध्यम से पुस्तकों से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। श्री शुक्ल ने शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वह एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई के उपरांत गांव में अपनी सेवा देकर पीड़ति मानवता का पुण्य लें क्योंकि भारत को समझना है तो गांव को समझना होगा। ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों को सुविधा संपन्न बनाया जा रहा है तथा चिकित्सकों व स्टाफ के लिये आवास सहित अन्य व्यवस्थायें भी सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि रीवा में चिकित्सा सुविधाओं के लिये अतिरिक्त



भवन, मशीनें तथा चिकित्सकों व चिकित्सकीय स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है ताकि मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज मिल सके। इस अवसर पर डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी माध्यम से की गई पढ़ाई से मातृभाषा को लोग बेहतर ढ़ंग से समझ सकेंगे व मरीजों के समझा भी सकेंगे। उन्होंने बताया कि हिन्दी माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा, चिकित्सक, विधायक प्रतिनिधि विवेक दुबे, तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। छात्र दिव्यांश व छात्रा कुमकुम मण्डलोई ने हिन्दी माध्यम से की जाने वाली पढ़ाई की विशेषताओं को बताया।

# मऊगंज में नशामुक्ति के लिए चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान

### नशा तन, मन और धन का नाश करता है - कलेक्टर

**मऊगंज।** जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशे की बुराईयों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय विभाग द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। नशामुक्ति का संदेश देने वाले सूचना पटल पर कलेक्टर संजय कुमार जैन ने हस्ताक्षर करके अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि नशा सबसे बड़ी सामाजिक बुराई है। नशे से तन, मन और धन तीनों का नाश होता है। कई अपराधों के मूल में नशा होता है। पारिवारिक हिंसा और विघटन का बड़ा कारण नशीले पदार्थ का सेवन है। नशे की बुराई को समाप्त करने के लिए सबको मिलकर प्रयास करना है। समाज का हर व्यक्ति नशामुक्त भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर अपने जिले, राज्य और देश को नशामुक्त बनाने में सहभागी बने।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने कहा कि जिले भर में नुक्कड़



नाटक, नारा लेखन पोस्टर प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से नशामुक्ति के संदेश दिए जा रहे हैं। प्रत्येक थाने और चौकी में नशे की बुराई के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने भी हस्ताक्षर बनाकर नशामुक्ति का संदेश दिया। संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी तथा अन्य अधिकारियों ने भी हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता निभाई।

**कलेक्टर ने विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ**

जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशे के विरूद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पीएमश्री शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी स्वयं नशे की बुराई से दूर रहें तथा अन्य व्यक्तियों को भी जागरूक करें। विद्यार्थी समाज और देश का भविष्य हैं। देश के विकास में योगदान देने और स्वयं की उन्नति के लिए नशे से सदैव दूर रहें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, एसडीओपी प्राची पाठक तथा कालेज के प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा का हुआ आयोजन

# पौधरोपण और कलश यात्रा के साथ ग्रामीणों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**मऊगंज।** जिले के अंतर्गत हनुमना विकासखंड के आदर्श ग्राम सलैया खास में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन नवांकुर संस्था काशी प्रसाद वेल्फेयर सोसायटी हनुमना के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक, जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार एवं ब्लॉक समन्वयक डॉ. रामानंद पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती इन्दरनिया कोल रहीं, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक आनंद प्रसाद तिवारी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामवासियों की आस्था के प्रतीक मंदिर स्थल से कलश यात्रा और पर्यावरणीय गीतों के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित नवांकुर सखियों एवं ग्रामीणों को पौधे वितरित किए गए और घर, आंगन व बगिया में रोपण कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत परिसर में वरिष्ठजनों द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' पर वृक्षारोपण किया गया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरणादायक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम शशि मिश्रा, ओमकार मिश्रा, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूहों एवं समस्त ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।